# <u>कोटा विश्वविद्यालय, कोटा</u>

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा–324005

क्रमांक– एफ 9( )परीक्षा/कोविको/2018/744 दिनांक –25.04.2018

## बी.एड. एवं एम.एड. ऑनलाईन परीक्षा/नामांकन आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी सूचना

कोटा विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा वर्ष 2018 की आयोजित की जाने वाली बी.एड., एम.एड., बी.पी.एड. – प्रथम व द्वितीय वर्ष (पुरानी स्कीम) एवं बी.ए.–बी.एड., बी.एससी.–बी.एड. प्रथम व द्वितीय वर्ष पाठ्यक्रमों की समस्त परीक्षाओं के नियमित/पूर्व छात्र अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र निम्नानुसार भरवाया जाना निर्धारित किया गया हैः–

| **ऑनलाइन नामांकन/पात्रता एवं परीक्षा आवेदन पत्र सामान्य परीक्षा शुल्क के साथ जमा कराने की तिथि** | **ऑनलाइन नामांकन/पात्रता एवं परीक्षा आवेदन पत्र विलम्ब शुल्क राशि रू. 100/– के साथ जमा कराने की तिथि** | **ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र दो गुना परीक्षा शुल्क के साथ जमा कराने की तिथि** | **महाविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्र मय चालान प्रस्तुत करने की तिथि** |
|---|---|---|---|
| 26.04.2018 से 30.04.2018 तक | 01.05.2018 से 03.05.2018 तक | 04.05.2018 से 06.05.2018 तक | 26.04.2018 से 07.05.2018 तक |

**विशेष महत्वपूर्ण निर्देशः–**

1. परीक्षा आवेदन पत्र/नामांकन/पात्रता आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी विस्तृत निर्देश एवं प्रक्रिया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uok.ac.in अथवा www.univexam.org/Uok/ पर उपलब्ध है एवं परीक्षा से सम्बन्धित समस्त कार्यक्रमों हेतु समय–समय पर छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।
2. **परीक्षा शुल्क जमा कराने सम्बन्धी चार्जेज** :– समस्त नियमित/पूर्व छात्रों को निर्धारित परीक्षा शुल्क/नामांकन/पात्रता शुल्क निम्नानुसार जमा करवा सकते हैः–
   (i) ICICI Bank के ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से निम्नानुसार परीक्षा शुल्क जमा करवा सकते हैः–

| **Service Name** | **Charges (In Rs)** |
|---|---|
| Online Payment of Fees through Website of University of Kota **(On ZERO Charges)** | Through Debit Card of any bank : **ZERO** Charges per transaction |
| | Through Net Banking of Any Bank **: ZERO** Charges per transaction |
| **Process flow: Student can visit University Website and click on "ONLINE PAYMENT" tab. The student will be able to pay through any bank debit card or net banking of any bank at ZERO Charges. After successful transaction of fees student can print their examination form from University Website. Thereafter student deposit the form at University/Respective College.** | |

3. परीक्षार्थी शुल्क रसीद की मूल प्रति मय परीक्षा फार्म की हार्डकॉपी की दो प्रतियों के साथ संलग्न कर अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित शुल्क जमा कराने की तिथि से अगले दो कार्य दिवस तक सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा करावें। पूर्व विद्यार्थी (Ex-Student) परीक्षा फार्म को उसी महाविद्यालय में जमा करायें, जहाँ वे नियमित (Regular) परीक्षार्थी के रूप में अनुत्तीर्ण घोषित हुए थे। **डाक द्वारा भेजा गया परीक्षा आवेदन पत्र स्वतः ही निरस्त माना जावेगा।**

4. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र/नामांकन/पात्रता आवेदन पत्र परीक्षार्थी किसी भी ई–मित्र कियोस्क, स्वयं के कम्प्यूटर/लेपटॉप या साइबर केफे पर भर कर ICICI Bank के ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से जमा कराये गये परीक्षा शुल्क विवरण (टोकन नं., जमा राशि व दिनांक) परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी की दोनों प्रतियों में निर्धारित स्थान पर परीक्षार्थी अपने हस्ताक्षर करें तथा हार्ड कॉपी के साथ परीक्षा शुल्क की रसीद का प्रिन्ट प्राप्त कर संलग्न करें।

5. विश्वविद्यालय ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र/नामांकन/पात्रता आवेदन पत्र हेतु परीक्षा आवेदन शुल्क विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत ICICI Bank के ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से किसी भी बैंक के डेबिट कार्ड एंव नेट बैंकिंग के द्वारा परीक्षा शुल्क जमा करवा सकते है। **अन्य बैंक में जमा करवाया गया परीक्षा शुल्क मान्य नहीं होगा, ना ही लौटाया जावेगा। निर्धारित ICICI Bank के ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के अलावा अन्य किसी माध्यम से जमा करवाया गया परीक्षा शुल्क (जैसे–नकद/बैंक ड्राफ्ट/पोस्टल ऑर्डर आदि) के द्वारा स्वीकार्य नहीं होगा।**

6. **परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है, कि वह अपना परीक्षा आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक भर कर ही परीक्षा शुल्क जमा करावें। चूंकि परीक्षार्थी द्वारा स्वंय की गलती से जमा करवाया गया परीक्षा शुल्क परीक्षार्थी को लौटाया (Non-Refundable) नहीं जावेगा।**

7. **माननीय उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार नियमित छात्र/ छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है, यह सम्बन्धित प्राचार्य एवं विश्वविद्यालय विभागाध्यक्ष सुनिश्चित कर लें।**

8. अभ्यर्थी यह विशेष रूप से ध्यान रखे कि कोई भी अभ्यर्थी एक ही सत्र में नियमित/पूर्व छात्र/स्वयंपाठी के रूप में एक से अधिक परीक्षा में नियमानुसार प्रविष्ट नहीं हो सकता है। यदि कोई अभ्यर्थी एक ही सत्र में दो परीक्षाओं में प्रविष्ट होना पाया जाता है तो अभ्यर्थी के दोनों परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त करते हुए, नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

9. छात्र ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र/नामांकन/पात्रता आवेदन पत्र की हार्डकॉपी, परीक्षा शुल्क के चालान की मूल प्रति एवं आवश्यक दस्तावेजों/अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रतियों सहित सम्बन्धित महाविद्यालय/विभाग में निर्धारित अवधि में जमा करवाना सुनिश्चित करावें।

10. **ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र/नामांकन/पात्रता आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी कोई समस्या होने पर छात्र हेल्पलाईन नं. 7378263754 एवं 7378263715 पर सम्पर्क कर सकते हैं।**

11. सम्बन्धित महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी ध्यान रखें कि चयनित वैकल्पिक विषयों का एक बार चयन करने के पश्चात् बाद में किसी भी परिस्थिति में बदलाव सम्भव नहीं होगा।

12. परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र को सावधानी पूर्वक भरें अन्यथा परीक्षार्थी के परीक्षा आवेदन पत्र/नामांकन/पात्रता आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की गलती जैसे– नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि, नामांकन संख्या इत्यादि में यथासमय संशोधन करवाने पर रू. 100/– प्रति गलती परीक्षार्थी द्वारा विश्वविद्यालय में जमा करवाने पर सुधार सम्भव होगा।

**परीक्षा नियंत्रक**